
पंजाब केसरी
THU,02 JULY 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

# एच.पी.एस.ओ.एस. विद्यार्थियों के लिए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की पुस्तकें अनिवार्य

धर्मशाला, 1 जुलाई (ब्यूरो) : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने एच.पी.एस.ओ.एस. विद्यार्थियों के लिए अपनी प्रकाशित पाठ्य एवं प्रायोगिक पुस्तकों का उपयोग अनिवार्य कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि यह निर्णय परीक्षा तैयारी को एकरूप और आसान बनाने के लिए लिया गया है।



यह नियम विशेष रूप से फ्रैश एडमिशन, अतिरिक्त विषय और अंक सुधार परीक्षा के विद्यार्थियों पर लागू होगा। अन्य विद्यार्थियों को भी इन पुस्तकों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

पुस्तकें बी.डी.आई.जी.सी. केंद्रों और अधिकृत विक्रेताओं के माध्यम से उपलब्ध होंगी। अध्ययन केंद्रों को पुस्तक वितरण का रिकॉर्ड रखना और हर वर्ष 31 मार्च तक खरीद रसीदें जमा करवाना अनिवार्य होगा। नियमों का पालन न करने पर मान्यता रद्द की जा सकती है।

## मैट्रिक व जमा-2 अनुपूरक परीक्षाओं के एडमिट कार्ड जारी

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मैट्रिक और जमा-2 अनुपूरक परीक्षाओं के एडमिट कार्ड आधिकारिक वैबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। अभ्यर्थी स्टूडैंट कॉर्नर या अपने विद्यालय के माध्यम से प्रवेश पत्र डाऊनलोड कर सकते हैं। मैट्रिक परीक्षाएं 3 से 10 जुलाई और जमा-2 परीक्षाएं 3 से 16 जुलाई तक सुबह 8:45 से 12 बजे तक होंगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले एडमिट कार्ड डाऊनलोड कर विवरण जांचने और समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।

Divya Himachal 02-07-2026

# बोर्ड की किताबें पढ़ेंगे एसओएस के छात्र

## नए सत्र से शुरू होगी नई व्यवस्था, छात्रों को मिली राहत

- स्टडी सेंटर्स को रिकॉर्ड और रसीदें जमा करवाने के निर्देश

**सिटी रिपोर्टर- धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय एसओएस के माध्यम से अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों के लिए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने महत्त्वपूर्ण फैसला लिया है। अब एचपी ओपन स्कूल के तहत पंजीकृत विद्यार्थियों को भी नियमित विद्यार्थियों की तरह हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रकाशित पाठ्यपुस्तकों एवं प्रैक्टिकल पुस्तिकाओं से ही पढ़ाई करनी होगी। इस संबंध में बोर्ड के अनुसार लंबे समय से एसओएस के विद्यार्थियों की ओर से परीक्षा की तैयारी के लिए उपयुक्त अध्ययन सामग्री को लेकर प्रश्न उठाए जा रहे थे। बाजार में ओपन स्कूल के लिए अलग से पुस्तकें उपलब्ध न होने के कारण विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि नियमित विद्यालयों और एचपी ओपन स्कूल के विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम तथा प्रश्नपत्र समान हैं। ऐसे में अब एचपीबीओएसई द्वारा प्रकाशित वही पुस्तकें एचपीएसओएस के विद्यार्थियों के लिए भी निर्धारित की गई हैं। ये पुस्तकें बोर्ड के पुस्तक वितरण, सूचना एवं मार्गदर्शन केंद्रों, बीडीआईजीसी तथा अधिकृत पुस्तक विक्रेताओं के माध्यम से उपलब्ध रहेंगी। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने यह जसनकारी दी है।

**अनिवार्य** यह व्यवस्था नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों, अतिरिक्त विषय लेने वाले अभ्यर्थियों तथा विशेष अंक सुधार परीक्षा, एसएमआईई के परीक्षार्थियों पर अनिवार्य रूप से लागू होगी। अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थी भी इन पुस्तकों का उपयोग कर सकेंगे, हालांकि उनके लिए यह फिलहाल वैकल्पिक रहेगा।

**रद्द होगी मान्यता** बोर्ड ने बेहतर परीक्षा तैयारी के लिए उन्हें भी इन्हीं पुस्तकों से अध्ययन करने की सलाह दी है। साथ ही साथ बोर्ड ने सभी एसओएस स्टडी सेंटरों को निर्देश दिए हैं कि वे निकटतम बीडीआईजीसी केंद्रों से पुस्तकें प्राप्त कर विद्यार्थियों तक उपलब्ध करवाएं। प्रत्येक स्टडी सेंटर को कक्षा, विषय और सत्रवार पुस्तकों का पूरा रिकॉर्ड तैयार करना होगा तथा हर वर्ष 31 मार्च तक पुस्तक खरीद की रसीदें स्टडी सेंटर नवीनीकरण शुल्क के साथ बोर्ड कार्यालय में जमा करानी होंगी। निर्देशों का पालन नहीं करने वाले स्टडी सेंटरों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनकी मान्यता समाप्त की जा सकती है।

Amar Ujala 02-07-2026

# एचपीएसओएस छात्रों के लिए बोर्ड की किताबें होंगी अनिवार्य : राजेश

धर्मशाला। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (एचपीएसओएस) के विद्यार्थियों की परीक्षा तैयारी को बेहतर बनाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब एचपीएसओएस के विद्यार्थियों को बोर्ड की प्रकाशित पाठ्य पुस्तकों और प्रायोगिक पुस्तकों का ही उपयोग करना होगा।

बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि शिकायतें मिल रही थीं कि बाजार में बोर्ड की अलग पुस्तकें उपलब्ध नहीं हैं, जिससे विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया कि नियमित बोर्ड और एचपीएसओएस का पाठ्यक्रम व प्रश्नपत्र समान होने के कारण बोर्ड की प्रकाशित पुस्तकें ही सभी के लिए उपयुक्त रहेंगी। यह व्यवस्था एचपीएसओएस के नए

## नए प्रवेश, अतिरिक्त विषय व अंक सुधार परीक्षा के लिए छात्रों पर लागू होगा फैसला

प्रवेश, अतिरिक्त विषय और विशेष अंक सुधार परीक्षा के विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य होगी।

अन्य श्रेणी के विद्यार्थियों को भी इन्हीं पुस्तकों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। बोर्ड के अनुसार, पुस्तकें बुक डिस्ट्रीब्यूशन, इंफॉर्मेशन एंड गाइडेंस सेंटर और अधिकृत पुस्तक विक्रेताओं के माध्यम से उपलब्ध करवाई जाएंगी। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि प्रत्येक अध्ययन केंद्र को डिस्ट्रीब्यूशन, इंफॉर्मेशन एंड गाइडेंस सेंटर से खरीदी गई पुस्तकों की रसीदें हर वर्ष 31 मार्च तक अध्ययन केंद्र नवीनीकरण शुल्क के साथ बोर्ड कार्यालय में जमा करनी होंगी। संवाद

# अनुपूरक परीक्षाओं के एडमिट कार्ड जारी

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की मैट्रिक और जमा दो (नियमित) श्रेणी की अनुपूरक परीक्षाओं के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थी और संबंधित विद्यालय बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के विद्यार्थी अनुभाग के माध्यम से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इन परीक्षाओं में कंपार्टमेंट, अनिवार्य सुधार, वैकल्पिक सुधार, विशेष अवसर, अतिरिक्त विषय, डिप्लोमा धारक पुनर्परीक्षार्थी तथा बोर्ड नियमों के अंतर्गत अनुमन्य अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। मैट्रिक की अनुपूरक परीक्षाएं तीन से 10 जुलाई तक तथा जमा दो की अनुपूरक परीक्षाएं तीन से 16 जुलाई तक आयोजित की जाएंगी।

Amar Ujala 02-07-2026

# अनुपूरक परीक्षा के प्रवेश पत्र वेबसाइट पर किए अपलोड

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की मैट्रिक और जमा दो (नियमित) श्रेणी की अनुपूरक परीक्षाओं के प्रवेश पत्र आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि कंपार्टमेंट, एसेंशियल इम्प्रूवमेंट, ऑप्शनल इम्प्रूवमेंट, स्पेशल चांस, अतिरिक्त विषय, डिप्लोमा होल्डर री-अपीयर व अन्यों श्रेणियों के अभ्यर्थी इन परीक्षाओं में शामिल होंगे।

सुबह के सत्र में मैट्रिक (नियमित) की अनुपूरक परीक्षाएं 3 से 10 जुलाई तक, जबकि जमा दो (नियमित) श्रेणी की अनुपूरक परीक्षाएं 3 से 16 जुलाई तक होंगी। अभ्यर्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के स्टूडेंट कॉर्नर से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। संवाद

# बोर्ड विद्यार्थियों के लिए एसओएस मुद्रित पुस्तकों का उपयोग जरूरी

हिमाचल दस्तक ▮ धर्मशाला


▮ प्रदेश शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने दी जानकारी

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय के विद्यार्थियों की सुविधा एवं परीक्षा तैयारी को अधिक सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से एचपीबीओएसई द्वारा प्रकाशित पाठ्य-पुस्तकों एवं प्रायोगिक पुस्तकों का उपयोग अनिवार्य करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि बोर्ड को विभिन्न छात्रों से यह शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि बाजार में अलग से एचपीएसओएस की पुस्तकें उपलब्ध नहीं हैं, जिससे परीक्षा की तैयारी में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस विषय की समीक्षा के उपरांत यह निर्णय लिया गया है कि चूंकि एचपीबीओएसई नियमित एवं एचपीएसओएस विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम तथा प्रश्न-पत्र समान हैं, इसलिए एचपीबीओएसई द्वारा प्रकाशित पाठ्य एवं प्रायोगिक पुस्तकें ही एचपीएसओएस विद्यार्थियों द्वारा उपयोग में लाई जाएंगी। डॉ. शर्मा ने बताया कि यह व्यवस्था विशेष रूप से एचपीएसओएस के नवीन प्रवेश, अतिरिक्त विषय तथा विशेष अंक सुधार परीक्षा श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य होगी। अन्य श्रेणियों के विद्यार्थियों को भी इन पुस्तकों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, हालांकि उनके लिए यह व्यवस्था वैकल्पिक रहेगी। उन्होंने बताया कि ये पुस्तकें बोर्ड के बुक डिस्ट्रीब्यूशन, इंफॉर्मेशन एंड गाइडेंस सेंटर तथा अधिकृत पुस्तक विक्रेताओं के माध्यम से उपलब्ध करवाई जाएंगी। सभी एचपीएसओएस अध्ययन केंद्रों को अपने निकटतम बीडीआईजीसी से पुस्तकें प्राप्त कर विद्यार्थियों को वितरित करना होगा। साथ ही, जारी की गई पुस्तकों का कक्षा, विषय एवं सत्रवार अभिलेख भी तैयार करना अनिवार्य होगा।बोर्ड अध्यक्ष ने आगे बताया कि सभी अध्ययन केंद्रों को बीडीआईजीसी द्वारा जारी पुस्तकों की खरीद रसीदें प्रत्येक वर्ष 31 मार्च तक अध्ययन केंद्र नवीनीकरण शुल्क के साथ बोर्ड कार्यालय में जमा करवानी होंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन निर्देशों की अनुपालना न करने की स्थिति में संबंधित एचपीएसओएस अध्ययन केंद्र की मान्यता/संचालन समाप्त करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

Apka Faisla 02-07-2026


# HPBoSE विद्यार्थियों के लिए HPSOS मुद्रित पुस्तकों का उपयोग अनिवार्य

**धर्मशाला, ( आपका फैसला )।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE), धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (HPSOS) के विद्यार्थियों की सुविधा एवं परीक्षा तैयारी को अधिक सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से एचपीबीओएसई द्वारा प्रकाशित पाठ्य-पुस्तकों एवं प्रायोगिक पुस्तकों का उपयोग अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि बोर्ड को विभिन्न विद्यार्थियों से यह शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि बाजार में अलग से एचपीएसओएस की पुस्तकें उपलब्ध नहीं हैं, जिससे परीक्षा की तैयारी में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस विषय की समीक्षा के उपरांत यह निर्णय लिया गया है कि चूंकि एचपीबीओएसई नियमित एवं एचपीएसओएस विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम तथा प्रश्न-पत्र समान हैं, इसलिए एचपीबीओएसई द्वारा प्रकाशित पाठ्य एवं प्रायोगिक पुस्तकें ही एचपीएसओएस विद्यार्थियों द्वारा उपयोग में लाई जाएंगी। डॉ. शर्मा ने बताया कि यह व्यवस्था विशेष रूप से एचपीएसओएस के नवीन प्रवेश (Fresh Admission), अतिरिक्त विषय (Additional Subject) तथा विशेष अंक सुधार परीक्षा (Special Marks Improvement E&amination-SMIE) श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य होगी। अन्य श्रेणियों के विद्यार्थियों को भी इन पुस्तकों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, हालांकि उनके लिए यह व्यवस्था वैकल्पिक रहेगी। उन्होंने बताया कि ये पुस्तकें बोर्ड के बुक डिस्ट्रीब्यूशन, इंफॉर्मेशन एंड गाइडेंस सेंटर (BDIGC) तथा अधिकृत पुस्तक विक्रेताओं के माध्यम से उपलब्ध करवाई जाएंगी। सभी एचपीएसओएस अध्ययन केंद्रों को अपने निकटतम बीडीआईजीसी से पुस्तकें प्राप्त कर विद्यार्थियों को वितरित करना होगा। साथ ही, जारी की गई पुस्तकों का कक्षा, विषय एवं सत्रवार अभिलेख (Inventory) भी तैयार करना अनिवार्य होगा। बोर्ड अध्यक्ष ने आगे बताया कि सभी अध्ययन केंद्रों को बीडीआईजीसी द्वारा जारी पुस्तकों की खरीद रसीदें प्रत्येक वर्ष 31 मार्च तक अध्ययन केंद्र नवीनीकरण शुल्क के साथ बोर्ड कार्यालय में जमा करवानी होंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन निर्देशों की अनुपालना न करने की स्थिति में संबंधित एचपीएसओएस अध्ययन केंद्र की मान्यता/संचालन समाप्त करने की कार्रवाई भी की जा सकती है। डॉ. शर्मा ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रामाणिक अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना, उनकी परीक्षा तैयारी को सरल एवं एकरूप बनाना तथा उनके शैक्षणिक हितों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करना है।



# “मैट्रिक एवं जमा दो अनुपूरक परीक्षाएं 03 जुलाई से प्रारंभ”

दैनिक जागो वर्ल्ड ! धर्मशाला/ राकेश कुमार



हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE), धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के मैट्रिक एवं जमा दो (नियमित) श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए अनुपूरक परीक्षाओं का आयोजन दिनांक 03 जुलाई, 2026 से किया जाएगा। इन परीक्षाओं में कंपार्टमेंट, Essential Improvement, Optional Improvement, Special Chance, Additional Subject, Diploma Holder Re-appear तथा बोर्ड नियमों के अंतर्गत अनुमन्य अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। सभी परीक्षाएं प्रातःकालीन सत्र में प्रातः 8:45 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि मैट्रिक (नियमित) श्रेणी की अनुपूरक परीक्षाएं 03 जुलाई से 10 जुलाई, 2026 तक तथा जमा दो (नियमित) श्रेणी की अनुपूरक परीक्षाएं 03 जुलाई से 16 जुलाई, 2026 तक संचालित की जाएंगी। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर उपलब्ध है। डॉ. शर्मा ने विशेष रूप से उन अभ्यर्थियों को भी सूचित किया है, जिन्हें बोर्ड द्वारा विशेष अवसर (Special Chance) प्रदान किया गया है अथवा जिन्होंने किसी अपरिहार्य कारणवश पूर्व निर्धारित परीक्षा में भाग नहीं लिया था और इस संबंध में बोर्ड को आवेदन प्रस्तुत किए थे। ऐसे अभ्यर्थियों से आग्रह किया गया है कि वे अपनी पात्रता एवं आवेदन की स्थिति की पुष्टि कर निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए जिला एवं श्रेणीवार हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं, जिनके माध्यम से परीक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि बोर्ड द्वारा परीक्षाओं के सुचारू, पारदर्शी एवं सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं तथा अभ्यर्थियों से समय पर परीक्षा केंद्रों में पहुंचने का आग्रह किया गया है।

JULY 02, 2026 THURSDAY DHARAMSHALA

The Sunny Times

# HPBOSE COMPARTMENT EXAMS: CLASS 10 & 12 ADMIT CARDS OUT NOW, PAPERS START JULY 3

***The Sunny Times | Dharamshala***

The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has officially released the admit cards for the upcoming Class 10 and Class 12 supplementary and compartment exams. Students and schools can now head over to the board's official website to secure their hall tickets ahead of the tests.

According to HPBOSE Chairman Dr. Rajesh Sharma, the exams are scheduled to kick off tomorrow, July 3. Class 10 students will wrap up their exams by July 10, while Class 12 students will finish by July 16. The board has squeezed all the action into a single morning slot, with papers running from 8:45 AM to 12:00 PM daily. This crucial round of testing covers a massive net of students, including those appearing for compartments, essential improvements, additional subjects, and special chances.

To make things easy, the board has opened up two clear routes to grab the admit cards. Students can log in directly via the "Student Corner" on the official portal, or schools can download them in bulk through their respective school logins to hand them out. Dr. Sharma strongly urged all candidates to download their cards immediately to double-check their exam centers and subjects, reminding everyone to reach their designated venues well before the morning bell rings to avoid any last-minute chaos.

